फर्द अहकाम

# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोटपूतली–बहरोड़

## प्रभाती बनाम उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली व अन्य

केस संख्या 23 / 2026 प्रा0 पत्र मुन्तकिल

| दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष विवरण |
|---|---|---|
| 16.03.2026 | दरख्वास्तगुजार ने जरिये अधिवक्ता उपखण्ड अधिकारी, कोटपूतली के समक्ष विचाराधीन वाद अन्तर्गत धारा 145 सीआरपीसी हाल धारा 164 बीएनएसएस बउनवानी सरकार बनाम रामस्वरूप, प्रकरण संख्या 02/2025 प्रार्थना पत्र को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। उपखण्ड अधिकारी, कोटपूतली से बिन्दुवार टिप्पणी हेतु तहरीर जारी हो। वकील प्रार्थी, अप्रार्थीगण की तलबी हेतु रजि0 नोटिस तलवान पेश करे, जारी हो। पत्रावली दिनांक 24.03.2026 को पेश हो।<br>जिला कलक्टर<br>कोटपूतली–बहरोड़ | |
| 24/03/26 | आज पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित /अनुपस्थित/पीठासीन अधिकारी आज अवकाश /दौरे/मिटिंग/अन्य कार्य में व्यस्त है। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 20/4/26 को पेश हो।<br>रीडर | |
| 20/4/26 | पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। वकील प्रार्थी ने अप्रार्थीगण की तलबी हेतु अवसर चाहा। न्यायहित में अवसर दिया जाकर पत्रावली आइन्दा दिनांक 28/4/26 में पेश हो। वकील प्रार्थी आवश्यक रूप से रजि० नोटिस पेश करे। जारी हो।<br>जिला कलक्टर<br>कोटपूतली–बहरोड़ | |
| 28/4/26 | आज यह पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। वकील प्रार्थी ने निवेदन किया कि तत्कालीन पीठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण हो गया है. पत्रावली का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली का स्थानान्तरण हो जाने से प्रकरण। उक्त मुन्तकिल प्रार्थना पत्र सारहीन हो गया है. पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद पूर्ति दाखिल दफ्तर हो।<br>जिला कलक्टर<br>कोटपूतली–बहरोड़ | |